दिनांक 26.07.2021

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

नाली से अतिक्रमण हटाकर की गई सफाई, नाली सफाई में अतिक्रमण बन रही थी बाधक-कई दफा दी जा चुकी थी समझाइश, नहीं मानने पर हुई कार्रवाई

भिलाईनगर/ मदर टेरेसा नगर जोन क्रमांक 03 की टीम ने वार्ड 23 जवाहर मार्केट में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। दुकानदारों द्वारा नाली पर कांक्रीट से बनाई गई रैम्प , चबूतरे आदि को राजस्व एवं स्वच्छता कर्मचारियों की टीम ने मार्केट के दोनो किनारे को तोड़कर नाली का कब्जा खाली कराये , जिससे बारिश का पानी बिना कोई अवरोध के गंतव्य की ओर प्रवाहित हो सके। निगम प्रशासन की चेतावनी के बाद भी नाली पर किए गए अतिक्रमण को नहीं हटाया गया था, जवाहर मार्केट में व्यवसायियों द्वारा नाली में मलबा डालकर स्लेब व सीढ़ी आदि बनाकर दुकान का सामान सड़क तक फैलाकर व्यवसाय कर रहे थे , इसके कारण सफाई कर्मचारियों को नाली साफ करने में काॅफी परेशानी का सामना करना पड़ता था तथा नाली जाम होने से बारिश का पानी सड़को पर बहना प्रारंभ हो गया था। इन सब परिस्थितियों को देखते हुए आज नाली पर अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई की गई! उल्लेखनीय है कि निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने नाली से अतिक्रमण हटाकर सफाई करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हुए हैं , ताकि नालियों के माध्यम से पानी की निकासी सुगम हो! गौरतलब है कि जवाहर मार्केट में बड़ी संख्या में शहर के नागरिक सामान खरीदने आते है।

जवाहर नगर मार्केट क्षेत्र में नाली के उपर दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण करते हुए चबूतरा , सीढ़ी तथा नाली के उपर कांक्रीट डालकर व्यवसाय कर रहे थे, काफी समझाइश देने के बावजूद भी नालियों से अतिक्रमण नहीं हटाया गया , जिसके कारण हर बार सफाई में दिक्कतें होने लगी, बरसाती पानी भी नाली जाम होने के कारण रास्तों पर बहने लगी , कई स्थानों पर से निकासी बंद हो गया था , इससे सड़क पर गंदगी फैलने लगी थी जिससे मार्केट में दुर्गंध फैलने की संभावना भी बढ़ गई थी, इससे बाजार में आने वाले नागरिकों को आने जाने में परेशानी होती थी! समस्या को गंभीरता से लेते हुये आज अभियान चलाकर कार्रवाई की गई! व्यवसाय करने के लिए मार्केट में नाली के दोनो ओर दुकानदारों द्वारा नाली पर स्लेब , फर्श तथा कांक्रीट डालकर अतिक्रमण कर लिये थे , अतिक्रमण कर बनाए गए चबूतरे पर व्यवसाय करने के लिए इनके द्वारा सामग्री भी यही रखी जाती थी , सड़क सकरी होने के कारण आवागमन में भी दिक्कतें होती थी, इनके विरूद्ध कार्यवाही करने आज जोन आयुक्त प्रीति सिंह के निर्देश पर निगम की टीम ने विभिन्न दुकानों के सामने से अतिक्रमण को हटाकर नालियों की सफाई कराई। तोड़फोड़ के नुकसान से बचने बहुत से दुकानदारों ने स्वयं ही कब्जा हटा लिए। कार्यवाही के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी मलखान सिंह सोरी, जोन स्वास्थ्य अधिकारी आर.पी. तिवारी, व्ही.के. सैमुअल सहित राजस्व एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे!

जनसम्पर्क अधिकारी